Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **प्रथम सूचना रिपोर्ट 19/2026 विरूद्ध जल सिंह मीणा, मोटर वाहन निरीक्षक ब्यावर व अन्य में अनुसंधान के दौरान दो आरोपीगण गिरफ्तार।**

जयपुर, दिनांक 11.08.2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी जयपुर नगर तृतीय जयपुर इकाई द्वारा प्रकरण सं. 19/2026 में अनुसंधान के दौरान प्रकट हुए तथ्यों के प्रभावी सत्यापन हेतु आरोपीगण जगजीत सिंह उर्फ जगत बन्ना एवं ऋषिराज सिंह राठौड़ से अभिरक्षा में पूछताछ एवं उपलब्ध साक्ष्यों के संबंध में आवश्यक पूछताछ की गई। निर्धारित प्रक्रिया एवं गिरफ्तारी संबंधी समस्त वैधानिक प्रावधानों की पालना करते हुए आरोपीगण को दिनांक 10.08.2026 को प्रकरण के वांछित आरोपीगण जगजीत सिंह उर्फ जगत बन्ना तथा ऋषिराज सिंह राठौड़ जिला अजमेर को अन्तर्गत धारा 7ए. भ्रष्टाचार निवारण अधि. 1988 (यथा संशोधित) अधिनियम 2018 व 61 (2) बीएनएस–2023 के तहत गिरफ्तार किया गया।

तथा उक्त आरोपीगण को आज दिनांक 11.08.2026 को माननीय न्यायालय, एसीबी मामलात, अजमेर में प्रस्तुत किया जा रहा है।

एसीबी के उप महानिरीक्षक–द्वितीय जयपुर श्री ओमप्रकाश मीणा के सुपरवीजन में ए. सी.बी. जयपुर नगर तृतीय जयपुर के श्री ज्ञान प्रकाश नवल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में प्रकरण का अग्रीम अनुसंधान जारी है।